प्रादेशिक समाचार
दिनांक–04.07.2024 (संध्या 1900 बजे)
मुख्य समाचार

1. हेमंत सोरेन ने तीसरी बार बतौर मुख्यमंत्री ली शपथ, राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने राजभवन में पद और गोपनीयता की दिलायी शपथ।
2. प्रवर्तन निदेशालय ने आय से अधिक संपत्ति मामले में धनबाद में कई ठिकानों पर की छापेमारी, गिरिडीह के विभिन्न थाना क्षेत्रों से पांच साइबर अपराधी पकड़ाये।
3. झारखंड के 19 समेत देशभर के 112 आकांक्षी जिलों के लिए नीति आयोग ने शुरु किया तीन महीने का संपूर्णता अभियान, छह प्रमुख संकेतकों पर होगा तेजी से काम।
4. टी–20 विश्व कप विजेता भारतीय टीम का अब से थोड़ी देर बाद मुम्बई में होगा भव्य स्वागत, जीत के जश्न में मुम्बई में विक्ट्री परेड में उमड़ी भीड़।

****

झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने आज तीसरी बार मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने श्री सोरेन को राजभवन में पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी।

शपथ लेने के बाद श्री सोरेन ने रांची में भगवान बिरसा मुंडा और अमर शहीद सिदो–कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इधर राज्य के 13 वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के साथ ही हेमंत सोरेन के समर्थको और प्रशंसकों में जश्न का माहौल देखा जा रहा है।

****

प्रवर्तन निदेशालय, इडी आज धनबाद के कोयला व्यवसायी प्रमोद सिंह और उसके सहयोगियों से जुड़े करीब आधा दर्जन ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार छापेमारी के दौरान ईडी को कोयला कारोबार और स्वास्थ्य मिशन घोटाले से जुड़े साक्ष्य मिले हैं। मामला कोयले के अवैध कारोबार और स्वास्थ्य विभाग में संविदा पर कार्यरत रहने के दौरान करोड़ों रूपये की गड़बड़ी से जुड़ा हुआ है।

****

गिरिडीह पुलिस ने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में छापमारी कर पांच कुख्यात साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। जिले के पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों के पास से सात मोबाइल, आठ सिम, पांच एटीएम और दो दोपहिया वाहन सहित कई अन्य सामान बरामद किया गया है।

****

झारखंड उच्च न्यायालय में आज रांची शहर की यातायात व्यवस्था को दुरूस्त करने को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। न्यायाधीश रंगन मुखोपाध्याय और न्यायाधीश दीपक रौशन की खंडपीठ में सुनवाई हुई। उच्च न्यायालय के वरीय अधिवक्ता धीरज कुमार ने बताया कि सुनवाई के दौरान खंडपीठ ने मौखिक टिप्पणी करते हुए रांची के यातायात पुलिस अधीक्षक को लगातार अभियान चलाने का निर्देश दिया है।

****

न्यायमूर्ति डॉ बिद्युत रंजन सारंगी कल झारखंड उच्च न्यायालय के नए मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ लेंगे। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन उन्हें शपथ दिलायेंगे। उल्लेखनीय है कि झारखंड उच्च

न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्रा की सेवानिवृत्ति के बाद ओड़िशा हाईकोर्ट के वरीय न्यायाधीश डॉक्टर बिद्युत रंजन सारंगी को झारखंड हाईकोर्ट का चीफ जस्टिस नियुक्त किया गया है। राष्ट्रपति ने इसकी मंजूरी दी है।

****

देवघर जिला प्रशासन भूमि सुधार से संबंधित मामलों के निपटारे के लिए 8 से 20 जुलाई तक विशेष कैंप का आयोजन करेगा।

****

नीति आयोग ने आज से तीन महीने का सम्पूर्णता अभियान शुरू किया है। तीस सितम्बर तक चलने वाले इस अभियान में झारखंड समेत देशभर में छह प्रमुख संकेतकों पर आधारित परिपूर्णता हासिल करने के लिए आकांक्षी जिलों और प्रखण्डों में अनवरत प्रयास किए जा रहे हैं। इस कार्यक्रम के अंतर्गत देशभर के एक सौ बारह जिलों और पांच सौ प्रखण्डों में छह चिन्हित संकेतकों के आधार पर परिपूर्णता प्राप्त करने का लक्ष्य है। झारखंड के बोकारो, चतरा, दुमका, गढ़वा और पलामू समेत 19 जिले आकांक्षी जिलों में शामिल हैं। हजारीबाग में संपूर्णता अभियान की शुरुआत चौपारण प्रखंड कार्यालय से शुरू किया गया। उधर पाकुड़ जिले के आदिवासी और आदिम जनजाति बहुल लिट्टीपाड़ा प्रखण्ड में किसानों के बीच सॉयल हेल्थ कार्ड का वितरण किया गया। इधर गुमला जिले के डुमरी प्रखंड रांची के मांडर प्रखंड, सिमडेगा के बांसजोर प्रखण्ड, चतरा और दुमका समेत राज्य के अन्य आकांक्षी जिलों में भी सम्पूर्णता अभियान की शुरूआत हुई।

****

नीट–यूजी परीक्षा पेपर लीक मामले में सीबीआई ने बड़ी कार्रवाई करते हुए धनबाद जिले से एक युवक को गिरफ्तार किया है। जिले के बापू नगर से गिरफ्तार अमन सिंह की प्रश्न पत्र लीक मामले में महत्वपूर्ण भूमिका मानी जा रही है। अमन सिंह का संबंध हजारीबाग के ओएसिस स्कूल के आरोपित प्राचार्य और उप प्राचार्य से बताया जाता है।

****

टी–20 विश्व कप विजेता भारतीय टीम का अब से थोड़ी देर बाद मुम्बई स्थित वानखेड़े स्टेडियम में भव्य स्वागत किया जाएगा। इससे पहले टीम इंडिया की जीत के जश्न में मुम्बई में विक्ट्री परेड का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी शामिल हुए। उधर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में अपने आवास पर आज टी–20 विश्व कप विजेता भारतीय क्रिकेट टीम से मुलाकात इस दौरान खिलाड़ियों ने प्रधानमंत्री से बातचीत की और अपने अनुभव साझा किये। यहां से भारतीय टीम के खिलाड़ी मुंबई के लिए रवाना हुए।

****

राज्य में मानसून गतिविधि सामान्य देखी जा रही है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के अनुसार राज्य के उत्तर पूर्वी और उससे सटे मध्य भागों में भारी बारिश के आसार हैं, जिसके लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।

*******समाप्त********